## एक नजर

### विकसित भारत का मंत्र-भारत हो नशे से स्वत्रंत अभियान कार्यक्रम आज

**भोपाल।** सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायन सिंह कुशवाहा के मुख्य अतिथि में रविकसित भारत का मंत्र-भारत हो नशे से स्वतंत्र्र अभियान का राज्य स्तरीय कार्यक्रम 12 अगस्त को सुबह साढ़े 10 बजे सामाजिक न्याय निःशक्तजन सशक्तिकरण संचालनालय में आयोजित होगा। आयुक्त सामाजिक न्याय डॉ. आर.आर. भोसले ने बताया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सामाजिक और स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से 'नशा एक सामाजिक बुराई' विषय पर राज्य स्तरीय फोटो प्रदर्शनी, शपथ ग्रहण समारोह तथा पौध-रोपण किया जाएगा।

### मप्र कांग्रेस में मंथन का दौर जारी, आज दिल्ली में होगी बैठक

**भोपाल।** कांग्रेस को एमपी में लोकसभा चुनाव में मिली बड़ी हार के बाद पार्टी लगातार मंथन कर रही है। भोपाल में लगातार बैठकों का दौर चला अब दिल्ली में 13 अगस्त को कांग्रेस की बैठक होने वाली है। जिसमे पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, भंवर जीतेन्द्र सिंह सहित कई दिग्गज शामिल होंगे। इस दौरान पिछले कुछ महीनों में हुए कामकाज का फीडबैक लेने के उद्देश्य से इस बैठक का आयोजन किया जा रहा है। वहीं इससे पहले सोमवार को सागर में कांग्रेस का बड़ा जंगी प्रदर्शन होगा। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी समेत कई बड़े नेता शामिल होंगे।

लोकसभा चुनाव के बाद दिल्ली में पहली बैठक गौरतलब है कि दिल्ली में लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार महासचिव, प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्षों की बड़ी बैठक बुलाई गई है। बैठक की अध्यक्षता मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा की जाएगी। इसमें राहुल गांधी, एमपी के पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, भंवर जीतेन्द्र सिंह सहित पार्टी के कई दिग्गज नेता शामिल होंगे। जानकारी के अनुसार जीतू पटवारी और जीतेन्द्र सिंह एमपी में कांग्रेस के द्वारा किये गए अब तक के कामकाज की जानकारी दी जाएगी। साथ ही किये गए कार्यों के क्या फीडबैक मिले है इसकी पूरी रिपोर्ट बैठक में दी जाएगी। इस बैठक के चलते 13 अगस्त को उज्जैन में होने वाले प्रदर्शन की तिथियों में परिवर्तन कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार 13 अगस्त की जगह प्रदर्शन के लिए 14 अगस्त की तारीख तय की गई है।

### भोपाल में मंडला की नाबालिग से दुष्कर्म

**भोपाल।** भोपाल के पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित गोपाल नगर में 16 साल की नाबालिग से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने उक्त मामले मे दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़िता मूलतः मंडला की है और मजदूरी करते समय उसकी पहचान आरोपी से हुई थी। आरोपी उसे करीब पांच महीने से अपने साथ रखे हुए था और अपने साथी से भी शारीरिक संबंध बनवा रहा था। जब पीड़िता गर्भवती हुई तो मामला थाने तक पहुंचा। पुलिस ने गैंगरेप, पास्को समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार मंडला निवासी 16 साल को नाबालिग काम की तलाश में मंडला से निकली थी। उसकी मुलाकात दौलत से हो गई। दौलत मजदूरी करता है और नाबालिग भी उसके साथ मजदूरी करने लगी। साथ काम करने से दोनों में नजदीकियां बढ़ने से आरोपी दौलत गोपाल नगर स्थित किराए की झुग्गी में उसे साथ रखकर रहने लगा। आरोपी लगातार उसका दैहिक शोषण कर रहा था। हद तो उस समय हो गई, जब आरोपी दौलत ने अपने साथी से भी पीड़िता के साथ संबंध बनवाए। बताया जाता है कि नाबालिग गर्भवती है और उसे चार महीने का गर्भ है। पेट में दर्द होने के कारण वह अस्पताल पहुंची थी। तब मामला पुलिस तक पहुंच गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# छात्राओं के सैनिटरी पैड के लिए 57 करोड़ की राशि जारी




### मुख्यमंत्री ने किया छात्राओं से संवाद

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव रविवार को रवींद्र भवन में स्कूल, कॉलेज की एनसीसी और एनएसएस की छात्काराओं के सर्म्यमान समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने सम्मान समारोह में छात्राओं से संवाद किया और प्रतिभाशाली छात्राओंका सम्मान किया।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने रवींद्र भवन में आयोजित सम्मान समारोह में छात्राओं से संवाद किया और समग्र शिक्षा अंतर्गत सैनिटेशन अभियान में बालिकाओं को सैनिटरी पैड के लिए 57 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के जरिए खातों में अंतरित की। मुख्यमंत्री ने समग्र शिक्षा अंतर्गत सैनिटेशन योजना के तहत 19 लाख 6 हजार 137 छात्राओं के खाते में 300-300 रुपए राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से जारी की। इस तरह देश में पहला राज्य बन गया है। इस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने प्रतिभाशाली छात्राओं का सम्मान किया और छात्राओं ने सीएम को राखी भी बांधी। मुख्यमंत्री से मिलकर और उनसे संवाद करके छात्राएं काफी खुश नजर आईं। यह समारोह स्वाधीनता दिवस और रक्षाबंधन के अवसर पर आयोजित किया गया था।

**सीएम ने छात्राओं से बंधवाई राखियां-** इससे पहले सीएम डॉ.मोहन यादव को कार्यक्रम में आई छात्राओं ने राखियां बांधी। वहीं सीएम ने कहा कि हमारी एक बेटी दस बेटों के बराबर होती है। रक्षाबंधन 19 तारीख को है। लेकिन, हमने अभियान चलाया है 1 करोड़ 39 लाख तो लाड़ली बहनें हैं। 9 करोड़ के प्रदेश में 4.50 करोड़ तो बहनें हैं। अब हमारी लोकसभा-विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण के कारण विधायक, सांसद, मंत्री और मुख्यमंत्री बनेंगी। सीएम ने कहा कि देश का दिल मध्यप्रदेश आबाद है। इसमे बेटियों का बड़ा योगदान है। रक्षाबंधन पर बेटियों को सम्मानित किया गया है।



# अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर का सम्मान

### सीएम डॉ.मोहन यादव ने सम्मानित किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास में भारतीय हॉकी टीम के सदस्य प्रतिभावान खिलाड़ी और मध्यप्रदेश पुलिस में डीएसपी विवेक सागर को अंग वस्त्र और मैडल से सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि विवेक सागर ने हॉकी खेल में अनेक उपलब्धियां अर्जित की हैं। राज्य सरकार उन्हें पूर्ण प्रोत्साहन और सहयोग देगी। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने विवेक सागर को अपने हाथ से मिठाई भी खिलाई। इस अवसर पर खेल मंत्री विश्वास सारंग उपस्थित थे। बता दें विवेक सागर ने भारतीय टीम के सदस्य के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हाल ही में ओलंपिक खेलों में भारत की हॉकी टीम को कांस्य पदक प्राप्त हुआ है। विवेक सागर ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से भेंट कर सुखद अनुभूति हुई। उन्होंने मुझे प्रोत्साहित किया है और शाबाशी भी दी है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने उन्हें अच्छे खेल के लिए शुभकामनाएं देते हुए और आगे भी सहयोग का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने विवेक सागर को एक करोड रुपए की प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया है।



### प्रकृति के संतुलन के लिए पौधारोपण समय की मांग – एपी सिंह

**भोपाल।** इण्डियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एण्ड डेवलपमेंट राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्था के भोपाल चैप्टर की ओर से बृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मप्र विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह शामिल हुए। उन्होंने कहा पौधारोपण प्रकृति के संतुलन के लिए जरुरी है। प्रकृति के संतुलन और पर्यावरण की शुद्धि के लिए पौधापण समय की माँग है। इस में सहयोग हमारा दायित्व है। आईएसटीडी भोपाल द्वारा यह आयोजन एवं रोपे गए पौधों के संरक्षण का प्रयास सराहनीय है। इस अवसर पर अवधेश प्रताप सिंह, प्रमुख सचिव,चैप्टर अध्यक्ष विकास चौधरी, कार्यक्रम संयोजक सुनील जोशी, आर जी द्वदी, सलिल चैटर्जी, सनत गंगवाल,एसके दुबे आदि पदाधिकारियों व सदस्यों ने सपरिवार ह्वएक वृक्ष माँ के नामह्व पर विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। उल्लेखनीय है कि यह पौधारोपण जम्बूरी मैदान भेल में विशेष रूप से आरक्षित भूमि पर किया गया। जहां पौधारोपण के बाद एक वर्ष तक उनकी देखरेख का इंतजाम भी किया गया है।

#### आईएएस आईपीएस के तबादलों पर सियासत

# क्या इससे जनता की परेशानी कम होगी–जीतू पटवारी

### भाजपा ने किया जीतू पर पलटवार

### कांग्रेस ने 15 महीने की सरकार में चलाया तबादला उद्योग'

भोपाल। मध्य प्रदेश में शनिवार रात बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की गई है। इसको लेकर अब सियासत तेज हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ट्रांसफर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सवाल किया। इस पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने पलटवार किया है।

मध्यप्रदेश सरकार ने शनिवार देर रात 26 आईएएस और 21 आईपीएस के ट्रांसफर किए है। अब इसको लेकर सियासत भी तेज हो गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने ट्रांसफर को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा कि शनिवार देर रात 7 जिले के कलेक्टर, 7 एसपी समेत 47 आईएएस-आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए गए! उन्होंने सीएम डॉ.मोहन यादव क्या उम्मीद की जा सकती है कि मध्यप्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति तुलनात्मक रूप से बेहतर होगी? गृहमंत्री के रूप में अब आपका परफॉर्मेंस ठीक होगा? अपराधों में कमी आएगी और जनता की परेशानियां भी कम होंगी! लेकिन, क्या ऐसा होगा?

### सावन के अंधे को, हरा ही हरा दिखता है–आशीष अग्रवाल

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने इस पर पलटवार किया। उन्होंने लिखा कि जीतू पटवारी जी, सावन के अंधे को, हरा ही हरा दिखता है! 15 महीने की कमलनाथ सरकार में जिन्होंनें सिर्फ तबादला उद्योग ही चलाया हो, उनको प्रशासनिक सुधार और प्रक्रिया क्या समझ आएगी। यह उद्योग तो तब था, जब आपकी सरकार में सुबह आदेश निकलता था और वल्लभ भवन के भ्रष्टाचारी कांग्रेसी दलालों के माध्यम से शाम को आदेश बदल दिया जाता था। मध्यप्रदेश में भाजपा की मोहन सरकार का सुशासन है और जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया जाता है। आप तो बस कार्यालय बंद करके अपने रविवार के अवकाश का आनंद लें।


## कार्यालय नगर परिषद् मून्दी जिला खण्डवा

**Office of The Municipal Council Mundi, Dist-Khandwa Email: cmomundi@mpurban.gov.in**

कमांक / 567 / न. परि / 2024 — मूंदी, दिनांक – 11/8/24

सार्वजनिक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद मून्दी क्षेत्रान्तर्गत कॉलोनी विकास अनुज्ञा हेतु प्रस्तावित कॉलोनी का नाम माँ गंगा नगर कॉलोनी मून्दी तर्फ श्री प्रियेश पिता श्याम सुंदर महाजन निवासी मकान नम्बर 33 गुरु दरवाजा मार्ग सिध्द माता मंदिर खरगोन जिला खरगोन द्वारा ग्राम मून्दी सर्वे नम्बर 936/1 रकबा 1.570 हेक्टेयर, खसरा नम्बर 936/4 रकबा 0.405 हेक्टेयर, खसरा नम्बर 936/5 रकबा 0.118 हेक्टेयर, खसरा नम्बर 936/3 रकबा 1.501 हेक्टेयर, खसरा नम्बर 936/6 रकबा 1.214 हेक्टेयर, कुल रकबा 4.808 हेक्टेयर भूमि में सें 39512.63 भू खण्ड पर आवासीय भूखण्डीय कॉलोनी प्रयोजन कॉलोनी विकास के संबंध में कलेक्टर कार्यालय जिला खण्डवा का पत्र क्रमांक क/ री.अपर.कले./ 2024/6484 खण्डवा दिनांक 06.05.2024 प्राप्त हुआ जिसमें नागरिको की मूलभूत सुविधाओं जैसे- सड़क नाली, लाईट, पानी की व्यवस्था की जाना है। जो कि भूमि विकास नियम 2012 तथा म. प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 'ग' के अंतर्गत कालोनी में मूलभूत सुविधाए उपलब्ध कराना है।

अतः नियमानुसार उक्त भूमि आवासीय भूखण्डीय कॉलोनी प्रयोजन कॉलोनी विकास के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस में निकाय में दर्ज करावे अन्यथा 15 अवधि के उपरांत आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् मून्दी, खण्डवा


# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर आम जनता में भारी उत्साह : गोविंद सिंह राजपूत

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि हर घर तिरंगा अभियान को लेकर महज भाजपा कार्यकताओं में ही नहीं आम जनता में भी भारी उत्साह है। वे देख रहे हैं कि खरीदारी के लिये लोगों को झण्डे कम पड़ रहे है। उनकी विधानसभा से भी इस तरह की सूचनाएं मिली हैं। जहॉ लोग घर-घर तिरंगा अभियान को लेकर भरी उत्साहित है।

मंत्री राजपूत प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री हितानन्द शर्मा, भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी की मौजूदगी में प्रारम्भ किये गये हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता, नेता और आम जनता जितना हो सकता है लोग राष्ट्रभक्ति, देशभक्ति के लिये अपने खर्चे से घर-घर तिरंगा लगाने के लिये गर्व महसूस कर रहे है। श्री राजपूत ने कहा कि लोग उमंग, उत्साह, उल्लास और जोश से स्वतंत्रता दिवस पर्व मनाने की तैयारी कर रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आह्वान किये गये इस अभियान ने पूरे भारत वर्ष में राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम की अलख जगा दी है। बच्चा-बच्चा आज राष्ट्रभक्ति के जोश से सरोबार हो गया है।

**अभियान से राष्ट्रीय ध्वज के प्रति गौरव और सम्मान बढ़ेगा-** मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री गोविंद राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान को शुरू करने का मुख्य उद्देश्य देश के हर घर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा प्रदर्शित करने के लिये प्रोत्साहित करना है।


## SHREE PACETRONIX LIMITED

CIN: L33112MP1988PLC004317
Regd. Office: Plot No.15, Sector II, Industrial Area, Pithampur,
Dist. Dhar (M.P.) 454775 | Tel No. 07292-411105, Fax no. 07292-400418
E-mail: pacetronix@hotmail.com website: www.pacetronix.com

**STANDALONE/CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2024**

(Rs. In Lakhs except EPS)

| Sr. No. | Particulars | Standalone | | | Consolidated | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | Year Ended | Quarter Ended | | Year Ended |
| | | 30.06.2024 (Unaudited) | 30.06.2023 (Unaudited) | 31.03.2024 (Audited) | 30.06.2024 (Unaudited) | 30.06.2023 (Unaudited) | 31.03.2024 (Audited) |
| 1. | Total Income from operation (Net) | 490.62 | 590.43 | 2217.64 | 490.76 | 590.57 | 2218.11 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (Before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 50.43 | 118.72 | 462.28 | 50.45 | 118.29 | 462.25 |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period before tax (After Exceptional and/or Extraordinary items) | 50.43 | 118.72 | 462.28 | 50.45 | 118.29 | 462.25 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 37.24 | 86.81 | 335.83 | 37.25 | 86.49 | 335.81 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit /(Loss) for the period after tax and Other Comprehensive Income(after tax)] | 37.24 | 86.81 | 335.83 | 37.25 | 86.49 | 335.81 |
| 6 | Equity Share Capital | 359.94 | 359.94 | 359.94 | 359.94 | 359.94 | 359.94 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | 955.56 | - | - | 943.22 |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs. 10 each) (for continuing and discontinued operations) | | | | | | |
| | (a) Basic (in Rs.) | 1.03 | 2.41 | 9.33 | 1.03 | 2.40 | 9.33 |
| | (b) Diluted (in Rs.) | 1.03 | 2.41 | 9.33 | 1.03 | 2.40 | 9.33 |

**Note:**
1. The above is an extract of the detailed Statement of Standalone/Consolidated Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The Full Statement of Standalone/Consolidated Financial Results are available on the stock exchange website (www.bseindia.com) and on company website (www.pacetronix.com).
2. The above result of the Company has been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (IND-AS) as prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 as amended.

SHREE PACETRONIX LIMITED
Sd/-
AKASH SETHI
JOINT MANAGING DIRECTOR
(DIN: 08176396)

Date : 10th August 2024
Place : Pithampur


#### केंद्रीय बजट में मप्र को मिली अनेकों सौगातें

# केंद्रीय बजट में समावेशी विकास के साथ युवाओं का भविष्य सुरक्षित रखा - इंजीनियर

### हर घर तिरंगा अभियान से आज की युवा पीढ़ी में देशभक्ति का भावना का विकास होगा

**आष्टा, (निप्र)।** आज विधायक कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी जिला सीहोर की ओर से केंद्रीय बजट 2024-25 एवं हर घर तिरंगा अभियान को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस संपन्न हुई। पत्रकार वार्ता को आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर एवं जिला महामंत्री श्री धारासिंह पटेल ने संबोधित किया। विधायक श्री गोपालसिंह इंजीनियर ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए वर्ष 2024 25 के बजट में प्रधानमंत्री द्वारा निर्दिष्ट ज्ञान जिसमें गरीब, युवा, अन्नदाता,नारी समूह के उत्थान पर केंद्रित और 'विकास भी विरासत भी' के तहत वित्त मंत्री के द्वारा मध्य प्रदेश में विशेष रूप से गरीब कल्याण इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन और रोजगार सृजन पर ध्यान दिया गया,इस बजट में कृषि में उत्पादकता और अनुकूलनीयता, रोजगार और कौशल प्रशिक्षण, समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, विनिर्माण और सेवाएं, शहरी विकास ,ऊर्जा सुरक्षा, अवसंरचना,अगली पीढ़ी के



सुधार मुख्य बिंदु है।हमारी सरकार उत्पादकता बढ़ाने और जलवायु की अनुकूल किस्म के विकास पर जोर देने के लिए किसी अनुसंधान व्यवस्था की व्यापक समीक्षा करेगी। खेती-बाड़ी के लिए 32 कृषि और बागवानी फसलों की नई 109 उच्च पैदावार वाली और जलवायु अनुकूल किस्में में जारी की जाएगी। इंफ्रास्ट्रक्चर में भोपाल इंदौर जबलपुर सागर और ग्वालियर में पांच रिंग रोड के विकास के साथ-साथ अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 29,710 करोड रुपए का बजट आवंटित किया गया। उज्जैन को रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर तक 1.762 किमी रोपवे के विकास के लिए 100 करोड आवंटित किए गए जिसमें तीन स्टेशन और तेरह टावर बनाए जाएंगे जिससे मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिलेगा। गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत देशभर में 3 करोड नए घर बनेंगे जिससे मध्य प्रदेश के गरीब नागरिक भी लाभान्वित होंगे।बजट में पीएम स्वनिधि योजना से 5 साल में 100 शहरों में भारतीय स्ट्रीट मार्केट खोले जाने की घोषणा की गई है । इससे मध्य प्रदेश को भी लाभ मिलना अपेक्षित है।अगली 5 साल में 4 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का ऐलान किया गया है जिससे मध्य प्रदेश के 40 लाख बेरोजगार युवाओं को लाभ मिलेगा रोजगार सृजन योजनाओं के लिए 2 लाख करोड रुपए के परिव्यय की घोषणा की गई हैं।

मध्य प्रदेश की सीखो कमाई योजना के तहत करीब 9 लाख युवाओं को इंडस्ट्री में काम मिलेगा 5 साल की अवधि में एक करोड़ युवाओं को स्किल्ड करने का ऐलान किया है। 1 हजार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किए जाएंगे।महिला और नई विकास की दृष्टि से महिलाओं और लड़कियों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं के लिए 3 लाख करोड रुपए से अधिक का आवंटन किया गया है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

**जलयंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग**

विज्ञप्ति क्रमांक: 27

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | 1. टेंडर क्र. 2. जारी दिनांक | कार्य का नाम | 1. कार्य की समयावधि 2. लागत | 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य 2. ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_362792 08-08-2024 | झोन क्र. 4 वार्ड क्र. 12 के अंतर्गत गोविंद कॉलोनी में स्थित पुलिया वाली मार्ग समीप लगी बैकलाईनों में ड्रेनेज लाइन डालना । | 1. 6 माह 2. 14,66,117/– | 1.₹2,000/- 2.₹ 11,000/- | 09–09–2024 (शाम 05:30 बजे तक) |
| 2 | 2024_UAD_362793 08-08-2024 | झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 15 के अंतर्गत गजाधर नगर में मेन रोड एवं आंतरिक गलियों में ड्रेनेज लाईन डालना। | 1. 6 माह 2. ₹14,72,320/– | 1. ₹2,000/- 2. ₹11,100/- | 09–09–2024 (शाम 05:30 बजे तक) |
| 3 | 2024_UAD_362794 08-08-2024 | झोन क्र. 4 वार्ड क्र. 17 के अंतर्गत प्रिंस नगर गली नं. 1 व उससे लगी आड़ी गलियों में ध्वस्त लाईन के स्थान पर नईं ड्रेनेज लाइन डालना । | 1. 6 माह 2. ₹19,79,214/– | 1. ₹2,000/- 2. ₹14,900/- | 09–09–2024 (शाम 05:30 बजे तक) |
| 4 | 2024_UAD_362795 08-08-2024 | झोन क्र. 4 वार्ड क्र. 17 के अंतर्गत न्यू राम नगर गली नं. 1, 2 व उससे लगी आड़ी गलियों व गली नं. 3,4 में ड्रेनेज लाइन डालना । | 1. 6 माह 2. ₹28,99,622/– | 1. ₹5,000/- 2. ₹21,800/- | 09–09–2024 (शाम 05:30 बजे तक) |
| 5 | 2024_UAD_362796 08-08-2024 | झोन क्र. 9 वार्ड क्र. 47 के अंतर्गत उषाराजे, क्रिकेट स्टेडियम से आई.डी.ए. विभाग होते हुए बोथरा अपार्टमेंट रेसकोर्स रोड मकान नंबर 1 तक क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर ट्रेंचलेस पद्धति से नईं ड्रेनेज लाइन डालना । | 1. 9 माह 2. ₹96,25,807/– | 1. ₹10,000/- 2. ₹72,200/- | 09–09–2024 (शाम 05:30 बजे तक) |

नोट:– निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https:/mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जाएगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

कार्यपालन यंत्री
जलयंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग
नगर पालिक निगम, इन्दौर

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।